वी.यू. में नव वर्ष अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में नव वर्ष अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर पी के मिश्रा जी व रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नवागत कुलपति प्रोफ़ेसर राजेश कुमार वर्मा जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात इंडस्ट्रियल वैज्ञानिक डॉ. नवीन शर्मा जी व आई.सी.ए.आर. अटारी के संचालक डॉ. एस.आर.के. सिंह रहे ।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति जी द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया अपने उद्बोधन भाषण में कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा कहा कि आज का दौर मल्टी डिसीप्लिनरी कांसेप्ट का है अतः आज एक मंच पर विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों का जुड़ना

निसंदेह शिक्षा नीति के तहत अच्छे कार्य हेतु मंथन करना होता है। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने गत वर्ष में विश्वविद्यालय के हितार्थ अच्छे कार्य किए हैं जिससे कि आज विश्वविद्यालय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की पायदान पर अग्रणी हो पाया है और यही कामना करता हूं कि सबके प्रयास से, सभी के साथ जुड़कर आगे भी यह विश्वविद्यालय अच्छा कार्य संपादित करें।

जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि नव वर्ष के उपलक्ष में इस तरह का आयोजन जहां पर वेटरनरी विश्वविद्यालय के अधिकारी गण तथा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी गण उपस्थित हुए हैं यह एक बहुत ही सकारात्मक सोच है जो विश्वविद्यालय के मध्य परस्पर संबंध को सुदृढ़ करती है। अपने उद्‌बोधन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि मैं अभिभूत हूं कि मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया क्योंकि यह जरूरी है की विश्वविद्यालय रूपी जहाज को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सभी का सहयोग होना अति आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के पशुधन पंचांग का भी अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी व डॉ. सिसोदिया, दोनों ही विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. कोट्टू, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. मधु स्वामी, डॉ. दिनकर शर्मा, संचालक शिक्षक डॉ सुनील नायक, डॉ अभिषेक शुक्ला अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा, डॉ. शशिकांत महाजन, डॉ. पी.वी. शर्मा, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. महोबिया, संचालक प्रक्षेत्र डॉ जी.पी. लखानी, डॉ. आर.एस. शुक्ला, डॉ. शोभा जवारे, डॉ. जी. दास, डॉ. ए.पी. सिंह डॉ. कारमोरे, डॉ. बी. रॉय, डॉ. रामकिंकर मिश्रा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. देवेश उपाध्याय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. पूनम शाक्य द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त कुल सचिव डॉ. श्रीकांत जोशी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर